आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- गोआ के अरपोरा नाईट क्लब में सिलेंडर विस्फोट से लगी भीषण आग से तेईस लोगों की मौत–मुख्यमंत्री घटना स्थल पर पहुंचे।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कार्यक्रम में कहा–विकसित भारत बनने में मानसिक गुलामी सबसे बड़ी बाधा है।

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल कुमार ने कहा समय पर फॉर्म न मिलने पर नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची मे शामिल नहीं होंगे।

- अंडमान निकोबार राज्य सैनिक बोर्ड ने सशस्त्र बल ध्वज दिवस पर नागरिकों से योगदान की अपील की ।

<><><><><><><>

गोआ में अरपोरा के एक नाइट क्लब में कल देर रात लगी आग में 23 लोगों की मौत हो गई। यह आग सिलेंडर विस्फोट से लगी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत घटनास्थल पर पहुँच गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में अधिकांश क्लब के रसोई कर्मचारी और तीन–चार पर्यटक शामिल हैं। गोआ के पुलिस महानिदेशक आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस, दमकल और एम्बुलेंस की गाड़ियाँ घटनास्थल पर पहुँच गईं। उन्होंने बताया कि आग पर अब काबू पा लिया गया है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस घटना के कारणों की जाँच करेगी और निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई करेगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया के लिए उच्च विकास दर और निम्न मुद्रास्फीति का एक आदर्श मॉडल है। कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद– जी.डी.पी दर में आठ प्रतिशत की वृद्धि देश की बढ़ती प्रगति का प्रतिबिंब है। यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक मजबूत आर्थिक प्रतीक है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में भारत की स्थिति को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि चुनौतियों और अनिश्चितताओं से ग्रस्त दुनिया में भारत की अपनी अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब लोग आर्थिक मंदी

की बात कर रहे हैं, भारत अपनी विकास गाथा गढ़ रहा है। विश्वास के संकट से भरी दुनिया में भारत विश्वास के स्तंभ और एक सेतु निर्माता के रूप में खड़ा है, जबकि दुनिया बिखर रही है।

प्रधानमंत्री ने मानसिक गुलामी और औपनिवेशिक मानसिकता को विकसित भारत केलक्ष्य में प्रमुख बाधा बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र आत्मविश्वास के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। श्री मोदी ने कहा कि चाहे जहाज निर्माण हो या रक्षा निर्माण, गुलाम मानसिकता और हीन भावना को पीछे छोड़कर गर्व की एक नई भावना के साथ आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज अहमदाबाद नगर निगम की एक हजार पांच सौ करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। ये परियोजनाएं आवास, ढ़ांचागत विकास और जन सुविधाओं से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी दिन भर के इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

विमानन नियामक डीजीसीए ने आज को इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी–सी ई ओ पीटर एल्बर्स को कारण बताओ नोटिस जारी कर उड़ानों में भारी व्यवधान के लिए स्पष्टीकरण मांगा है। लगातार पांच दिनों से इंडिगो की उड़ानों में काफी व्यवधान आ रहा है, सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं और विमानों के परिचालन में देरी हो रही है, जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी हो रही है। नोटिस में नियामक ने कहा कि बड़े पैमाने पर परिचालन विफलताएं योजना, निरीक्षण और संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण खामियों का संकेत देती हैं। डीजीसीए ने एल्बर्स से चौबीस घंटे के भीतर जवाब देने को कहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा वितरित गणना प्रपत्र, ग्यारह दिसंबर तक अवश्य जमा कर दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रपत्र न जमा करने पर मतदाताओं के नाम सोलह दिसंबर को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार केंद्रशासित प्रदेश में कुल तीन लाख दस हजार चार सौ चार मतदाताओं में से तीन लाख दस

हजार तीन सौ अट्ठानब्बे प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से दो लाख इकतालीस हजार आठ सौ तीन प्रपत्र वापस प्राप्त हुए हैं और दो लाख इकतालीस हजार सात सौ छियहत्तर का डिजिटलीकरण भी हो चुका है। कुल सड़सठ हजार छः सौ तीन प्रपत्र असंग्रहणीय श्रेणी में आए हैं, जो कुल वितरण का लगभग इक्कीस दशमलव सात आठ प्रतिशत है। इनमें नौ हजार एक सौ इक्कीस मतदाता मृत पाए गए, इक्कतीस हजार छः सौ आठ अनुपस्थित, तेईस हजार चार सौ अड़सठ स्थायी रूप से स्थानांतरित, दो हजार सात सौ चौहत्तर दोहरे या पहले से पंजीकृत और छः सौ बत्तीस अन्य श्रेणी में शामिल हैं। मतदान केंद्र स्तर पर BLO और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के बीच बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिनमें अस्थायी असंग्रहणीय सूची साझा की जा रही है। जहां BLA नियुक्त नहीं हैं, वहां यह सूची मतदान केंद्रों पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। संबंधित विवरण और फोटो CEO तथा जिला प्रशासन की वेबसाइटों पर भी अपलोड किए जाएंगे। ड्राफ्ट सूची में नाम न मिलने पर इच्छुक नागरिक सोलह दिसंबर से अगले वर्ष पन्द्रह जनवरी तक फॉर्म–6 के माध्यम से दावा या आपत्ति दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग के लिए राजनीतिक दलों और बूथ लेवल एजेंटों का आभार भी व्यक्त किया है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज सशस्त्र झंडा दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों द्वारा दी गयी सेवाओं को स्मरण किया जाता है। यह दिवस युद्ध में घायल अथवा शहीद सैनिकों के परिवारों का पुनर्वास, सैनिकों एवं उनके परिवारों का कल्याण, पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों का पुनर्स्थापन एवं समग्र कल्याण के लिये जन सहयोग और समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने समस्त नागरिकों से ध्वज दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान करने का अनुरोध किया है। अण्डमान तथा निकोबार राज्य सैनिक बोर्ड ने सभी से 'आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंड' के नाम से चेक या ड्राफ्ट सचिव, राज्य सैनिक बोर्ड, वीर सेनानी भवन, हैड्डो के पते पर भेजने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

मरीना पार्क में दो दिवसीय स्ट्रीट फूड फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अध्यक्ष साहुल हमीद ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इसमें लगभग साठ खाद्य स्टॉल, लगाए गए हैं। फूड फेस्टिवल आज रात दस बजे तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>